सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून/हरियाणा, 03 अक्टूबर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को चंडी मंदिर मिलिट्री स्टेशन, पंचकुला, हरियाणा में पूर्व सैनिकों के साथ संवाद किया। सैनिकों से मुलाकात कर उनके कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा ईसीएचएस और सीएसडी सुविधाओं में आ रही परेशानियों, पूर्व सैनिकों की पेंशन की समस्याओं, पूर्व सैनिकों के अनुभवों और उनकी सेवाओं को लाभ लेने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने कहा की पूर्व सैनिक मेरा विस्तारित परिवार है उनकी समस्याओं का समाधान के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सभी सुझावों को सक्षम स्तर तक पहुंचाने और यथासंभव उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह देखकर अच्छा लगा कि हर एक पूर्व सैनिक देश एवं समाज के लिए कुछ न कुछ योगदान देने के लिए तत्पर है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि अग्निवीरों का प्रशिक्षण और उनकी क्षमता उच्चतम स्तर की है, जिससे सेना में युवा ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने इस योजना को राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण बताया, क्योंकि यह न केवल सशस्त्र बलों में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाएगी, बल्कि उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि अग्निवीरों को प्रशिक्षित करने वाले कई कमांडरों से वार्ता की है इस दौरान उन्होंने अग्निवीरों के जज्बे और प्रशिक्षण को अद्भुत बताया।

इससे पहले राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पश्चिम कमान के स्वर्णिम इतिहास को दर्शाते संग्रहालय का भ्रमण किया। यहां उन्होंने संग्रहालय के दस्तावेजों, अभिलेखों और यादगार वस्तुओं का अवलोकन किया। इस ऐतिहासिक महत्व के संग्रहालय को देखकर कहा की यह देखकर गर्व का अनुभव हुआ की 21 में से 11 परमवीर चक्र इसी कमान को मिले हैं। उन्होंने वीर जांबाजों को नमन कर उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया। राज्यपाल ने इस दौरान पश्चिम कमान मुख्यालय में स्थित वीर स्मृति स्थल पर जाकर वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कई पूर्व सैन्य अधिकारी और पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने हरियाणा भ्रमण के दौरान माता मनसा देवी मंदिर में दर्शन और पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश के नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण के लिए प्रार्थना की।

............0............